# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–03 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रयागराज महाकुंभ में बसंत पंचमी का तीसरा अमृत स्नान जारी है। आज शाम चार बजे तक करीब दो करोड़ श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके थे। इस मौके पर प्रदेश सरकार की ओर से साधु संतों और श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई गई। महाकुंभ में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ मेला क्षेत्र के सभी स्नान घाटों पर देश के कोने–कोने से आये श्रद्धालुओं का हुजूम देखने को मिल रहा है। भोर से ही श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। पूरे हर्षोल्लास के साथ आज सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़े ने पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगायी। महत्वपूर्ण स्नान पर्व के चलते सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये पानटुन पुलों को भी खोला गया है, जिससे श्रद्धालु सुचारू रूप से आवागमन कर रहे हैं। प्रवीण मिश्रा आकाशवाणी महाकुंभ प्रयागराज***

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश के उच्चाधिकारियों के साथ आज सुबह साढ़े तीन बजे से लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से बसंत पंचमी स्नान की व्यवस्था की निगरानी की। साधु संतों ने महाकुंभ स्नान पर शासन प्रशासन की तरफ से की गई व्यवस्था की सराहना की है। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानन्द गिरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की।

***माननीय नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के अत्यंत संवेदनशील सभ्य–शिष्ट और संस्कारवान आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज के शत संकल्प से आज हम स्नान कर सकें। बहुत–बहुत बधाई, धन्यवाद।***

आज सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। महाकुंभ के पहले दो अमृत स्नान चौदह जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर और उन्तीस जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे। तेरह जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक करीब छत्तीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इस बार आम बजट में रेलवे को उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन करोड रुपए उत्तर प्रदेश के लिए मिले हैं। यह रकम प्रदेश में यात्री सुविधाओं को बढ़ाने, रेलवे का कायाकल्प करने और ट्रैक का विस्तार करने के लिए आवंटित हुई है। रेल मंत्री ने यह जानकारी एक पत्रकार वार्ता के माध्यम से दी जिसका वर्चुअल माध्यम से प्रसारण भी किया गया। वाराणसी जिले के पूर्वोत्तर रेलवे सभागार में वर्चुअल प्रसारण के दौरान स्थानीय मीडिया के साथ साथ उत्तर रेलवे के एडीआरएम लालजी चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी मौजूद रहे।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त हो गया। पांच फरवरी को इस सीट पर चुनाव होगा, जबकि आठ फरवरी को मतों की गिनती की जाएगी। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कीं। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान और सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद सहित कुल दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**********

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के मतदान के दिन पांच फरवरी को सुबह सात बजे से शाम साढे छह बजे तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक अधिसूचना में आयोग की ओर से टेलीविजन चैनलों, रेडियो केन्द्रों तथा समाचार एजेंसियों सहित सभी मीडिया कंपनियों को इस निर्देश का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। यह प्रतिबंध मतदान के समापन तक अड़तालिस घंटे की अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रसारित किसी भी जनमत सर्वेक्षण या सर्वेक्षण परिणाम पर भी लागू रहेगा।

**********

सोनभद्र जिले के हाथीनाला थानाक्षेत्र में रानीताल के पास कल रात एक ट्रक और कार की आमने सामने हुई टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। कार सवार लोग महाकुंभ स्नान करने जा रहे थे। दुर्घटना उस समय हुई जब रानीताल के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद कार के सामने से टकरा गया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पूरे सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा साथ ही कल और पांच फरवरी को देर रात और सुबह के समय हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की संभावना है। छह और नौ फरवरी को देर रात में और सुबह के समय हल्की धुंध और हल्का कोहरा छाया रहेगा। विभाग ने सात और आठ फरवरी को तेज सतही हवा के चलने का भी पूर्वानुमान जताया है।

**********